filled after practical test, a Selection Board consisting of the Deputy Secretary, the Director or Joint Director or Deputy Director of Personnel and the Head of the Department concerned or his representative.

(4) The Selection Board may call for the services of experts from within or outside the Corporation for advice on any particular appointment.

The Damodar Valley Corporation have laid down procedure relating to purchase of stores under which Field officers may make direct purchase of stores otherwise than from the local market within their financial powers subject to the following conditions :--

(i) Purchases should be made only when they are urgently required and the time-factor does not admit of indents being placed on the Controller of Purchase and Stores.

(ii) Purchase of Calcutta should be made on the basis of competitive quotations from firms to be indicated by the Controller of Purchase and Stores.

(iii) The reasons for purchases otherwise than through the Controller of Purchase and Stores indicating the urgency should be placed on record and indicated on the bills presented to the Accounts Department.

The Corporation have devised standard agreement forms for the supply of power and industrial water.

**दस रुपये के नये सिक्के**

**4783. श्री यशपाल सिंह :**
**श्री स० चं० सामन्त :**

**क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) सरकार की एक पुरानी अधिसूचना के अनुसार जो दस रुपये के नये सिक्के जारी किये जाने थे, उन्हें अब तक जारी न करने के क्या कारण हैं;

(ख) उन्हें कब जारी किया जायेगा; और

(ग) 25 पैसे के सिक्कों की तुलना में 20 पैसे के नये सिक्के के बड़ा होने के क्या कारण हैं ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई)** : (क) और (ख). दस रुपये का नया सिक्का जारी करने के सम्बन्ध में अब तक कोई अधिसूचना जारी नहीं की गयी है। खाद्य और कृषि संगठन द्वारा समर्थित स्मारक सिक्के जारी करने की अन्तर्राष्ट्रीय योजना के अधीन 1968 में इस मूल्य का एक चान्दी का सिक्का जारी करने का प्रस्ताव था। पर 1968 में इसे जारी नहीं किया जा सका क्योंकि इसके नमूने को अन्तिम रूप देना और इस सम्बन्ध में अन्य प्रबन्ध करना उस वर्ष सम्भव नहीं हो सका था। अब खाद्य और कृषि संगठन सम्बन्धी सिक्के को 1970 में जारी करने का विचार है, क्योंकि इसी वर्ष खाद्य और कृषि संगठन की रजत जयन्ती मनायी जायगी। बहरहाल, दस रुपये का चान्दी का सिक्का महात्मा गांधी की जन्म शताब्दि के अवसर पर 1969 में जारी करने का प्रस्ताव है।

(ग) यद्यपि 20 पैसे का नया सिक्का 25 पैसे के निकल के सिक्के से बड़ा है, पर यह एल्यूमिनियम और कांसे की मिश्र धातु से बना है, जो निकल से सस्ती है। नये सिक्के के आकार का निश्चय 10 पैसे के नये सिक्के के आकार और वजन को ध्यान में रखते हुए किया गया था, जो एल्यूमिनियम और कांसे की मिश्र धातु से बना है, और अधिक सुरक्षा के लिए

दांतेदार किनारे बनाये जाने की आवश्यकता पर भी ध्यान रखा गया था ।

**इलाहाबाद में अवैध सोना पकड़ा जाना**

4784. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि इलाहाबाद में, वहां से बाहर जाने वाले दो यात्रियों से दिसम्बर, 1968 के प्रथम पक्ष में भारी मात्रा में अवैध सोना पकड़ा गया था; और

(ख) यदि हां, तो कितने मूल्य का सोना पकड़ा गया और इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :** (क) दिसम्बर, 1968 के पहले पखवाड़े में इलाहाबाद रेलवे स्टेशन पर बम्बई हावड़ा मेल से इलाहाबाद-भिन्न स्थानों को जाने वाले तीन यात्रियों से विदेशी मार्के का कुल मिलाकर 1500 तोला सोना बरामद किया गया ।

(ख) इस सोने का मूल्य अन्तर्राष्ट्रीय दर पर 1.47 लाख रुपये का होता है । उक्त तीनों व्यक्ति गिरफ्तार कर लिये गये थे और बाद में जमानत पर छोड़ दिये गये । विभागीय न्याय निर्णय की कार्यवाही चल रही है ।

**नागपुर में अवैध वस्तुएं तथा सोना पकड़ा जाना**

4785. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सीमा शुल्क अधिकारियों द्वारा नवम्बर, 1967 से अब तक नागपुर में कितनी अवैध विदेशी वस्तुएं तथा सोना पकड़ा गया; और

(ख) इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :** (क) सीमा शुल्क अधिकारियों ने नवम्बर, 1967 से फरवरी, 1969 तक की 16 महीने की अवधि के दौरान नागपुर में 64.7 किलोग्राम सोना तथा लगभग 58,000 रुपये मूल्य की अन्य निषिद्ध विदेशी वस्तुएं पकड़ी थीं ।

(ख) ऊपर (क) में जिस मामले के पकड़े जाने का उल्लेख है, उसके सम्बन्ध में 7 व्यक्ति गिरफ्तार किये गये थे । इनमें से दो के विरुद्ध इस्तगासे की कार्यवाही शुरू की जा चुकी है और अन्य पांचों के विरुद्ध भी ऐसी ही कार्यवाही करने के प्रश्न पर विचार किया जा रहा है ।

**नागपुर में अवैध सोना पकड़ा जाना**

4786. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई–हावड़ा एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले एक व्यक्ति से नवम्बर तथा दिसम्बर, 1968 में नागपुर रेलवे स्टेशन पर भारी मात्रा में निषिद्ध सोना पकड़ा गया था; और

(ख) यदि हां, तो कितने मूल्य का सोना पकड़ा गया, इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये और उनके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

**उप-प्रधान मंत्री तथा वित्त मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) :** (क) नवम्बर 1968 में बम्बई हावड़ा एक्सप्रेस से यात्रा करने वाले दो मुसाफिरों में से प्रत्येक के पास से नागपुर रेलवे स्टेशन पर 500 तोला विदेशी मार्के का सोना